भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्

# वानिकी समाचार

वर्ष 13 सं. 7 जुलाई 2021

## अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| आजादी का अमृत महोत्सव | ➤ | 01 |
| महत्त्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | ➤ | 02 |
| परामर्श | ➤ | 03 |
| कार्यशालाएं / संगोष्ठियां / बैठकें | ➤ | 03 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | ➤ | 04 |
| प्रकृति कार्यक्रम | ➤ | 06 |
| समझौता ज्ञापन | ➤ | 06 |
| गण्यमान्य व्यक्तियों के दौरे | ➤ | 06 |
| आकाशवाणी के माध्यम से वानिकी का लौकिकीकरण | ➤ | 07 |
| विविध | ➤ | 07 |
| मानव संसाधन समाचार | ➤ | 08 |


## आजादी का अमृत महोत्सव

- शु.व.अ.सं., जोधपुर ने 19 से 25 जुलाई 2021 तक "शुष्क एवं अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में वन तथा उनके प्रबंधन हेतु अभिनव दृष्टिकोण" विषय पर एक ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।
- का.वि.प्रौ.सं., बेंगलूरू ने 5 से 11 जुलाई 2021 को 'विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्रों में परागणकारियों के संरक्षण का महत्व' पर पोस्टर प्रतियोगिता का संचालन किया।
- हि.व.अ.सं., शिमला ने निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया:
  - ➤ 12 जुलाई 2021 को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल जिले के लंकेरची में स्कूली बच्चों के साथ लद्दाख के शीत मरूस्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र के संदर्भ में 'पारिस्थितिकी तंत्र पुनःस्थापन' पर प्रस्तुति।
  - ➤ 16 जुलाई 2021 को 'हर मेड़ पर पेड़' रोपण कार्यक्रम।
  - ➤ 27 जुलाई 2021 को हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के ताबो में 'शीत मरूस्थल में कीट नाशक एवं रोग प्रबंधन' पर एक कार्यक्रम।
- व.उ.सं., राँची ने 15 जुलाई 2021 को 'स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात वन वर्धन हेतु वैज्ञानिक तकनीकी का विकास' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया।
- व.अ.के.–इ.पु. ने निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:
  - ➤ 02 जुलाई 2021 को 'वन उत्पत्ति के फलों का संरक्षण एवं मूल्य वर्धन' पर एक–दिवसीय वेबिनार।
  - ➤ 16 जुलाई 2021 को ''मोरिंगा पर्ण आधारित उत्पाद का विकास'' पर कार्यशाला।




हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा 'शीत मरूस्थल में कीट नाशक एवं रोग प्रबंधन' कार्यक्रम के प्रतिभागी



हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा स्थानीय स्कूली बच्चों के साथ पारिस्थितिकी तंत्र पुनः स्थापन पर अंतः क्रिया सत्र




व.अ.के.इ.पु., प्रयागराज द्वारा 'वन उत्पत्ति के फलों का संरक्षण एवं मूल्य वर्धन' पर कार्यशाला

## महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- ढालूवाला मज़बाता (हरिद्वार) प्रायोगिक स्थल पर खरीफ फसल मूंगफली और तिल+उडद के बुवाई स्थल को तैयार कर बुवाई की गई। ढालूवाला और फतेहपुर पेलियो दोनों स्थानों पर *मेलिना अर्बोरिया* और *ऐम्बिलिका ऑफिसिनेलिस* पादपों पर कीटों का आक्रमण देखा गया और कीटनाशकों का छिड़काव किया गया।
- उत्तराखंड में हल्द्वानी वन प्रभाग के साल वन पर *लाइमेन्ट्रिया मथुरा* मूरे (लेपिडोप्टेराः लाइमेन्ट्रिडी) का प्रकोप दर्ज किया गया। प्रकोप के दौरान, करोड़ों लार्वा को साल वन का निष्पत्रण करते हुए दर्ज किया गया। कुल मिलाकर साल के लगभग 5.5 लाख वृक्ष "भाबर क्षेत्र" में गंभीर रूप से निष्पत्रित पाए गए।
- देहरादून, उत्तराखंड के शिवालिक रेंज और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पांच स्थानों यथा आशारोड़ी, करवापानी, सभावाला, आर्द्र शिवालिक साल वनों में तिमली और शुष्क शिवालिक साल वनों में मोहंड में पतंगों के नमूने के लिए मानसून पूर्व सर्वेक्षण किया गया। पतंगों के नमूने और संग्रह के लिए सीएफएल लैंप के साथ एक मोथ स्क्रीन का उपयोग किए गए। प्रतिदिन पतंगों के नमूने (शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक) लिया गया। आर्द्र शिवालिक साल वन में 05 कुलों की 32 प्रजातियां और शुष्क शिवालिक साल वन में 07 कुलों की 26 प्रजातियां दर्ज की गईं, जबकि 13 पतंगों के नमूने एकत्र किए गए। पतंगों के डाटाबेस को 09 कुलों की 107 प्रजातियों के साथ अद्यतन किया गया।
- संरक्षण और संवहनीय उपयोजन के लिए कांजीलाल के चकराता, देहरादून और सहारनपुर वन प्रभाग, उत्तर प्रदेश की वन वनस्पतियों का संशोधन प्रक्रियाधीन है। अब तक, 50 प्रजातियों की नामपद्धति का अद्यतनीकरण और विवरण पूरा किया गया।
- व.अ.सं., देहरादून में संरक्षण और संवहनीय उपयोजन के लिए कुमाऊं के लिए ओस्मास्टन की वन वनस्पतियों का संशोधन भी चल रहा है। अब तक, 50 प्रजातियों की नामपद्धति का अद्यतनीकरण और विवरण पूरा किया गया।
- हरियाणा के मोरनी–पिंजौर वन प्रभाग के विभिन्न स्थानों में सर्वेक्षण किया गया। दौरे के दौरान कई प्रजातियों की स्थिति का प्रलेख–पोषण किया गया और पांच वन आनुवंशिक संसाधन प्राथमिकता वाली प्रजातियों के लिए पुनर्जनन डाटा दर्ज किया गया।
- व.अ.सं. बांसवाटिका और वनस्पति उद्यान से *बैम्बुसा वल्गेरिस* का रूपमितीय डेटा दर्ज किया गया। विभिन्न स्रोतों से विभिन्न प्रजातियों के पुष्पण आंकड़े एकत्र किए गए।
- पौधशाला में *डल्बर्जिया सिस्सू* प्रजाति को व.आ.वृ.प्र.सं. जैव–उर्वरकों के विभिन्न संयोजनों के साथ इनोकुला की मानकीकृत खुराक दी गई। अ.भा.स.अ.प्रा. परियोजना, "उन्नत जैव–उर्वरक का उत्पादन" के अंतर्गत 90 और 180 दिनों के लिए प्ररोह एवं जड़ का शुष्क भार लिया गया और 180 दिनों के लिए विकास डेटा दर्ज किया गया।
- चकराता वन प्रभाग और मोरनी पिंजौर वन प्रभाग से *डेस्मोडियम गैंगेटिकम, डायोस्कोरिया डेल्टोइडा* और *जेंटियाना कुर्रू* के जननद्रव्य का सर्वेक्षण और संग्रहण किया गया तथा चकराता पौधशाला एवं व.अ.सं., देहरादून के अकाष्ठ वन उत्पाद जननद्रव्य संरक्षणशाला में स्थापित किया गया। पीएच, ईसी, एनपीके और कार्बनिक कार्बन सामग्री के लिए विभिन्न स्थानों के मृदा नमूनों का विश्लेषण किया गया।
- *प्यूनिका ग्रेनेटम* के फलों के छिलकों से निष्कर्षित प्राकृतिक डाई के साथ वस्त्र रंजक परीक्षण किए गए।
- अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाएं और वन आनुवंशिक संसाधन राष्ट्रीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में हरियाणा और उत्तराखंड के विभिन्न वन प्रकारों से एकत्रित वानिकी प्रजातियों के बीजों में बीज गुणवत्ता परीक्षण किए गए। बांस की प्रजातियों और अन्य प्राथमिकता वाली प्रजातियों के बीजों के लिए लघु से मध्यम अवधि के भंडारण नयाचार विकसित किए गए। रा.पा.आ.सं.ब्यू., नई दिल्ली के बीज भण्डार में 18°C पर दीर्घावधिक भण्डारण के लिए *एल्नस नेपालिन्सिस, बेटुला यूटिलिस, बोम्बेक्स सिइबा, कोकुलस लौरिफोलिया, क्रोटेलेरिआ साइटिसोइड्स, ल्योनिया ओवलिफ़ोलिया, मेलोटस फिलीपेन्सिस, टर्मिनेलिआ चेब्यूला, टर्मिनेलिआ साइट्रीना* और *टूना सेराटा* के बीजों को सुरक्षित आर्द्र स्तर तक निर्जलीकृत किया गया।

### वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबत्तूर

*केरिया आर्बोरिया* के छाल मेथनॉल सत्त से स्किन केयर क्रीम तैयार की गई। तैयार की गई स्किन केयर क्रीम की बीआईएस मानदंडों के अनुसार गुणवत्ता का पता लगाने के लिए तमिलनाडु टेस्ट हाउस प्राइवेट लिमिटेड में मूल्यांकन किया गया और प्राप्त महत्त्वपूर्ण परिणामों ने एक उत्कृष्ट स्किन केयर क्रीम के रूप में इसके उपयोग की पुष्टि की।

### शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

2018–2019 में वृक्ष से विदोहित *यूकेलिप्टस कैमलडुलेंसिस* की गुल्मवन वृद्धि का जून 2021 में मापन किया गया। 90% से अधिक स्थूण जीवित थे और अध्ययन किए गए सभी पांच स्थलों पर गुल्मित किए गए। प्ररोहों की संख्या प्रति गुल्म 5.1 से 12.3 सं. के बीच भिन्न थी, जबकि प्ररोह की ऊंचाई 328–564 सेमी से भिन्न थी।

## परामर्श



वर्तमान में 09 परामर्श परियोजनाओं के अंर्तगत काम चल रहा है, "छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में तारा, परसा, परसा पूर्व और कांता बेसिन, केंटे विस्तार कोयला ब्लॉक क्षेत्र सहित पूरे हसदेव–अरंड कोयला क्षेत्र के संबंध में जैव विविधता मूल्यांकन अध्ययन" का मसौदा अंतिम प्रतिवेदन छत्तीसगढ़ वन विभाग, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किया गया।

## कार्यशालाएं / संगोष्ठियां / बैठकें

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 1. | काष्ठ उद्योग के लिए अनुसंधान पहुँच कार्यक्रम पर बैठक | 22 एवं 23 जुलाई 2021 | प्लाईवुड उद्योग स्वामियों सहित काष्ठ प्रौद्योगिकी संगठन |
| 2. | कृषि वानिकी विस्तार पर बैठक | 26 जुलाई 2021 | काष्ठ आधारित उद्योग एवं यमुनानगर (हरियाणा) के किसान |
| | **वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर** | | |
| 3. | कल, आज और कल का SARS CoV2: क्या हम रणनीतिक से सामरिक समाधान की ओर बढ़ रहे हैं? | 15 जुलाई 2021 | व.आ.वृ.प्र.सं. के अधिकारी |
| | **उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 4. | सागौन की खेती में प्रगति पर वेबिनारः आनुवंशिक संसाधन एवं प्रौद्योगिकियां | 16 जुलाई 2021 | वैज्ञानिक एवं अनुसंधानकर्ता |
| | **हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | |
| 5. | लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में वानिकी अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों पर बैठक | 8 जुलाई 2021 | लेह के विभिन्न संस्थानों के प्रमुख एवं वन विभाग लेह |
| | **वन अनुसंधान केंद्र – इको–पुनर्वास, प्रयागराज** | | |
| 6. | वन मूल के फलों के संरक्षण एवं मूल्यवर्धन पर कार्यशाला | 2 जुलाई 2021 | वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, अनुसंधानकर्ता, विद्यार्थी, गैर सरकारी संगठन एवं किसान |

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 1. | स्किन एंड हेयर केयर प्रोडक्ट्स में व्यवसाय के लिए पौधों की प्राकृतिक सुगंध को समझना | 1–29 जुलाई 2021 | मसूरी फ्रेग्रन्स एंड फ्लेवर इंस्टीट्यूट एवं ईएसटीसी (एमएसएमई, भारत सरकार), रामनगर, उत्तराखंड |
| 2. | सीड बॉल प्रौघोगिकी | 9 जुलाई 2021 | नरेंद्र नगर वन प्रभाग, उत्तराखंड के अधिकारी एवं अग्रपंक्ति कर्मचारी |
| | | 15 जुलाई 2021 | उत्तराखंड अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारी |
| | **वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर** | | |
| 3. | जीसीएमएसः साधन, सिद्धांत एवं प्रकार्य | 9 जुलाई 2021 | विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय यथा, भरतियार विश्वविद्यालय, कोयम्बत्तूर; निर्मला कॉलेज फॉर वीमेन, कोयम्बत्तूर; विवेकानंद कॉलेज, मदुरई; सीएमएस कॉलेज ऑफ साइंस, कॉमर्स, कोयम्बत्तूर एवं भा.कृ.अ.प.–के.क.अ.सं., क्षेत्रीय स्टेशन, कोयम्बत्तूर |
| 4. | कदम्ब आधारित कृषि वानिकी तंत्र | 19 जुलाई 2021 | कदम्ब उगाने वाले किसान/वृक्ष उत्पादक |

जीसीएमएसः साधन, सिद्धांत एवं प्रकार्य पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | |
| 5. | अखिल भारतीय अध्ययन दौरे के भाग के रूप में आभासी प्रशिक्षण | 20 जुलाई 2021 | बी.एससी. (ऑनर्स), वानिकी विषय के विद्यार्थी |
| | **उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 6. | उ.व.अ.सं.–ट्राईकोकार्ड के माध्यम से सागौन निष्पत्रकों एवं कंकालकों का जैव नियंत्रण | कोरबा में 1 जुलाई 2021, कवर्धा में 2 और 12 जुलाई 2021, गरियाबंद में 14 जुलाई 2021, पूर्व भानुप्रतापपुर में 15 जुलाई 2021, बस्तर में 16 जुलाई 2021, दंतेवाड़ा एवं कोंडागांव में 17 जुलाई 2021 | छत्तीसगढ़ के आठ विभिन्न वन प्रभागों के अग्रपंक्ति कर्मचारी |
| 7. | साल (*शोरिया रोबस्टा*) में साल बेधक (*हॉप्लोसिरैम्बिक्स स्पीनिकॉर्निस*) का प्रबंधन | कोरबा में 1 जुलाई 2021, कवर्धा में 2 और 3 जुलाई 2021, पूर्व भानुप्रतापपुर में 15 जुलाई 2021, बस्तर में 16 जुलाई 2021 और कोंडागांव में 19 जुलाई 2021 | अग्रपंक्ति कर्मचारी |
| 8. | खेजड़ी कलम | 21 जून से 2 जुलाई 2021 | - |



साल बेधक में क्षेत्र प्रदर्शन पर प्रशिक्षण




उ.व.अ.सं.–ट्राईकोकार्ड के माध्यम से सागौन निष्पत्रकों एवं कंकालकों के जैव नियंत्रण पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | |
| 9. | उत्पादकता वृद्धि के लिए वानिकी अतः क्षेप | 9 जुलाई 2021 | लेह वन प्रभाग के अग्रपंक्ति कर्मचारी, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह के किसान एवं स्थानीय समुदाय |
| 10. | शीत मरूस्थल पारिस्थितिक तंत्र के माल एवं सेवा | 12 जुलाई 2021 | कारगिल वन प्रभाग के वन विभाग कर्मचारी |

## प्रकृति कार्यक्रम

- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने 23 जुलाई 2021 को "वन एवं जलवायु परिवर्तन" विषय पर "जीआरडी पब्लिक एंड जीआरडी मैट्रिक स्कूल, कोयम्बत्तूर के लिए ऑनलाइन ज्ञान श्रृंखला–प्रकृति–प्रकृति संपर्क कार्यक्रम" के एक भाग के रूप में एक वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में 260 स्कूली छात्रों ने भाग लिया।
- हि.व.अ.सं., शिमला ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल जिले में 'प्रकृति' कार्यक्रम के अंतर्गत सुरू घाटी के छात्रों और शिक्षकों के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के सुरू घाटी कारगिल के विभिन्न दूरस्थ स्कूलों यथा सरकारी माध्यमिक विद्यालय थ्वीना; आर्मी गुडविल स्कूल, फारूना; सरकारी प्राथमिक विद्यालय, बारडम; सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, लंकेरची; सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांकू; जवाहर नवोदय विद्यालय, खुम्बथांग के शिक्षकों सहित 85 विद्यार्थियों ने भाग लिया।







व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा "वन एवं जलवायु परिवर्तन" पर प्रकृति कार्यक्रम

## समझौता ज्ञापन

पर्यावरण के संवहनीय विकास एवं वानिकी अनुसंधान के विस्तार पर 1 जुलाई 2021 को व.अ.के–इ.पु., प्रयागराज और सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान झूंसी, प्रयागराज के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## गण्यमान्य व्यक्तियों के दौरे

- ब्रिटिश उप उच्चायुक्त सुश्री कैरोलिन रोवेट ने 6 जुलाई 2021 को डीडी पादपालय, व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया।
- नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमिताभ कांत ने 10 जुलाई 2021 को व.अ.सं., देहरादून के डीडी पादपालय एवं वनस्पति उद्यान का दौरा किया।



ब्रिटिश उप उच्चायुक्त सुश्री कैरोलिन रोवेट ने डीडी पादपालय, व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया



नीति आयोग के मु.का.अ. श्री अमिताभ कांत ने व.अ.सं., देहरादून के डीडी पादपालय का दौरा किया

## आकाशवाणी के माध्यम से वानिकी का लोकिकीरण

| विषय | चैनल | दिनांक |
|---|---|---|
| | **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | |
| साँची गोसर खेतीर बिसय किसू कोथा जानू अहोक | आकाशवाणी, जोरहाट | 30 जुलाई 2021 |

## विविध

| संस्थान | विशेष दिन/विषय | अवधि |
|---|---|---|
| व.अ.सं., देहरादून | वन महोत्सव – 2021 | 22 जुलाई 2021 |
| शु.व.अ.सं., जोधपुर | वन महोत्सव – 2021 | 19 जुलाई 2021 |
| व.व.अ.सं., जोरहाट | वन महोत्सव – 2021 | 1 जुलाई 2021 |
| हि.व.अ.सं., शिमला | वन महोत्सव – 2021 | 9 जुलाई 2021 |
| | | 21 जुलाई 2021 एवं 22 जुलाई 2021 |
| व.उ.सं., रांची | वन महोत्सव – 2021 | 12 जुलाई 2021 |



व.अ.सं., देहरादून द्वारा वन महोत्सव मनाया गया



शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा वन महोत्सव मनाया गया




व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा वन महोत्सव मनाया गया



व.उ.सं., रांची द्वारा वन महोत्सव मनाया गया

## मानव संसाधन समाचार

### नियुक्तियां (प्रतिनियुक्ति)

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री आर. अरुण कुमार, भा.व.से. (टी.आर.: 2009), डीसीएफ, व.अ.सं. देहरादून | 05.07.2021 |
| श्री आर.पी. सिंह, भा.व.से. (ए.एम.:91) सीएफ, व.अ.सं., देहरादून | 06.07.2021 |

### संप्रत्यावर्तन

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री वी.एस. सेंथिलकुमार, भा.व.से., (जम्मू एवं कश्मीर:2005), स.म.नि. (शिक्षा एवं भर्ती बोर्ड), भा.वा.अ.शि.प | 09.07.2021 |

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री अमर सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष, व.अ.सं., देहरादून | 31.07.2021 |
| श्री एस.के. धस्माना, निजी सचिव, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून | 31.07.2021 |
| श्री एल.आर. मुर्हेरकर, मु.त.अ., उ.व.अ.सं., जबलपुर | 31.07.2021 |

**सरंक्षकः**
श्री अरूण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून

**संपादक मंडलः**
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
श्री रमाकान्त मिश्र, मुख्य तकनीकी अधिकारी, (मीडिया एवं विस्तार), सदस्य

**प्रत्याख्यान**
- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।